हरिभूमि
# शौर्य भूमि
5
जबलपुर, रविवार 29 मार्च 2026
login : www.haribhoomi.com
मंडला | अंजनिया | भुआबिछिया | बम्हनीबंजर | नैनपुर | निवास | बीजाडांडी

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर निवास पर कन्यापूजन, रामनवमी पर आस्था और परंपरा का संगम



**मण्डला।** पावन पर्व रामनवमी के अवसर पर कलेक्टर निवास में श्रद्धा और भक्ति का वातावरण देखने को मिला। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने विधि-विधान के साथ कन्यापूजन कर मां दुर्गा के स्वरूप बालिकाओं का सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा ने कन्याओं के चरण पूजन कर उन्हें तिलक लगाया तथा प्रसाद एवं उपहार भेंट किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में कन्याओं को देवी का स्वरूप माना गया है और उनका सम्मान करना हमारी परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। कन्यापूजन के इस आयोजन में परिवारजन उपस्थित रहे।

### कार्यवाहक निरीक्षक को सीएम हेल्पलाईन के निराकरण में 92.78% वेटेज स्कोर के लिए मिला प्रशस्ति पत्र

**मण्डला।** कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने फरवरी माह के सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण में कार्यवाहक निरीक्षक गृह (पुलिस) विभाग श्री अरूण प्रताप सिंह भदौरिया को 92.78 प्रतिशत वेटेज स्कोर के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शिकायत के निराकरण में संतुष्टि स्तर को बेहतर रखें। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त कलेक्टर श्री हुनेन्द्र घोरमारे, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, समस्त एसडीएम सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### ठंड हो गई समाप्त अभी तक नहीं चालू हुए पानी की टंकी के साथ लगे सोलर

# दिखावे के लिए लगे वाटर सोलर एवं हीटर

*** मामला है नैनपुर क्षेत्र के छात्रावासों का।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

नैनपुर विकासखंड के अंतर्गत शासकीय आदिवासी जूनियर बालक छात्रावास परसवाड़ा में लगाये गये वाटर हीटर सोलर बंद पड़े हुए हैं। इस बात की जानकारी जिम्मेदारों को दी गई, लेकिन कमीशन के बोझ तले अधिकारियों ने इस मामले पर जरा भी ध्यान नहीं दिया जबकि इस वर्ष अत्याधिक ठंड पड़ी जहां बच्चों को तालाब और कुंए के ठंडे पानी से नहाना पड़ा। अब गर्मी का मौसम प्रारंभ हो चुका है। इसलिए संबंधित विभाग इस ओर ध्यान देते हुए परसवाड़ा में स्थित शासकीय आदिवासी जूनियर बालक छात्रावास में रहने वाले बच्चों को पानी की सुविधाएं मुहैया कराने की कार्यवाही की जाये। स्थानीयजनों ने बताया कि शासन की फाइलों में जनहितेषी योजनाओं को लिखकर राशि आहरण कर ली जाती है, लेकिन धरातल कुछ और ही हकीकत बयां करते हैं ऐसा ही एक मामला नैनपुर विकासखंड के ग्राम परसवाड़ा में स्थित शासकीय आदिवासी जूनियर बालक छात्रावास है।









### छात्रावासों में लगने वाली सामग्री की खरीदी में चल रही धांधली

यहां पर छात्रावास में आदिवासी छात्र रहकर अध्ययन करते हैं इनकी आवश्यक सुविधाओं का ध्यान रखते हुए शासन द्वारा राशि मुहैया कराई जाती है, लेकिन राशि तो खत्म कर दी जाती है और सुविधाएं मिल नहीं पाती है। उक्त स्थल पर एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी सोलर वाटर, हीटर एवं पानी की टंकी छत के ऊपर रख दी गई है जो आज तक चालू ही नहीं हुई एक बार भी इसका उपयोग नहीं किया गया है यहां के छात्र कुएं व तालाब में जाकर ठंडे पानी से नहाने को मजबूर है, जो एक गंभीर विषय है। उक्त स्वैये की जानकारी संबंधित विभाग को है फिर भी इस ओर ध्यान न दिया जाना लाफरवाही को प्रदर्शित करता है। सूत्रों से जानकारी प्राप्त हुई है कि रीवा की फर्म ने अग्निशामक यंत्र लगायें है इसकी भी जांच की जाये, वहीं संचालित शासकीय आदिवासी जूनियर बालक छात्रावास में विगत लंबे समय से अध्ययनरत छात्रों के हक पर डांका डाला जा रहा है। क्षेत्र से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत परसवाड़ा में लगे वाटर सोलर हीटर एवं अग्निशामक यंत्र के अलावा छात्रावासों में अनेक आवश्यकतानुसार सामग्री क्रय की गई जिसमें जमकर धांधली हुई है।

### जिले के छात्रावासों में सामग्री की सप्लाई की हो जांच

आदिवासी बाहुल्य जिले में जागरूकता का अभाव है, वहीं रसूखदारों के आगे शिकायतकर्ताओं के आवेदन भी रद्दी की टोकरी में डाल दिये जाते हैं इसलिए विभाग के मंत्री के इशारों पर जिले में स्थित आदिवासी बालक/बालिका छात्रावासों में लगने वाली सामग्रियों की सप्लाई में जमकर कमीशनखोरी चल रही है। अब सवाल ये उठता है कि यह धांधली जिले में बैठे जिम्मेदार अधिकारी द्वारा की गई है या मैदानी अमले ने सामग्री क्रय करने में भ्रष्टाचार किया है। जानकारी यह भी सामने आई है कि जिले के अनेक शासकीय आदिवासी छात्रावासों में रीवा की एक फार्म से अग्निशामक यंत्र एक उच्चारधिकारी द्वारा नियम विरूद्ध खरीदकर छात्रावासों को दे दिया गया है जिसका भुगतान छात्रावासों से कराया गया है जो जांच का विषय है। आमजनों ने जिला प्रशासन से जांच की मांग की जा रही है क्योंकि मण्डला आदिवासी बाहुल्य जिला हैं जहां बाहर से लोगों द्वारा सामग्री की सप्लाई से की जा रही है यदि इन सामग्रियों को लेकर कोई शिकायत भी की जाती है तो जांच नहीं होती। इसलिए स्थानीय स्तर के व्यापारियों को सामग्री सप्लाई करने के लिए निर्धारित किया जाये।

### इनका कहना है :-

*आपके द्वारा यह मामला संज्ञान में लाया गया है। उक्त छात्रावास में लगे सोलर वाटर हीटर चालू हैं या नहीं इसकी जांच करा लेते हैं। यदि बंद पाये गये तो संबंधित अधीक्षक के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी, वहीं उक्त सोलर वाटर हीटर को चालू कराया जायेगा और छात्रावास में रहने वाले बच्चों को शासन की इस योजना का लाभ दिलाया जायेगा।*

**-हीरेन्द्र वर्मा,**
**विकासखंड शिक्षा अधिकारी**
**नैनपुर, जिला मण्डला**

## नगर में मनाई गई रामनवमीं निकाली गई शोभा यात्रा



*** महाआरती के बाद हुआ हुआ प्रसाद वितरण।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

संपूर्ण नगर में रामनवमी का उत्सव हर्ष उल्लाह से मनाया गया, राम मंदिर भुआ में सुबह से भगवान की समिति के पदाधिकारियों ओर नगर वासियों की उपस्थित में पूजन हवन माल्यार्पण राम मंदिर के विशिष्ट आचार्य पंडित दिलीप गर्ग के मंत्रोपचार से किया गया सभी विशिष्ट अतिथियों के के द्वारा हवन पूजन कर पूर्ण आहुति दी गई, प्रसाद वितरण किया गया वही शाम 4:00 बजे से मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र जी की शोभा यात्रा प्रारंभ की गयी जो संपूर्ण नगर में भगवान की सुंदर झांकी राम दरबार हनुमान आदि अनेक देवता झांकी में सुंदर रूप में विराज मान होकर रथ घोड़े आदि पर लाइट डेकोरेशन के साथ विराजमान थे वहीं डीजे बैंड बाजे आतिश बाजी के साथ नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए पूरे नगर में शोभा यात्रा घुमाई गई जहां अनेक स्थानों पर शोभा यात्रा का फल फूल मिष्ठान जल ठंडा शरबत खिला पिला तिलक वंदन कर भव्य स्वागत किया गया देर रात शोभा यात्रा का समापन राम मंदिर में किया गया जहां सभी के साथ मात्र शक्तियों द्वारा भगवान राम सहित सभी देवता ओ की महा आरती की गई जिससे पूरा नगर राम के जयघोष से गूंज उठा महाआरती के पश्चात देर रात तक प्रसाद वितरण का कार्यक्रम समिति के अध्यक्ष रत्नेश यादव ओर समिति के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने अपने हाथों से सभी को प्रसाद वितरण किया इस अवसर पर सभी का सहयोग सराहनीय रहा।



### जल शक्ति से नव भक्ति अभियान अंतर्गत ग्राम चरगांव माल में जल प्याऊ का शुभारंभ



**मण्डला।** सेक्टर मानिकसरा, क्रमांक 4, विकासखंड मंडला में शुक्रवार को ग्राम चरगांव माल में समिति के सहयोग से "जल शक्ति से नव भक्ति" अभियान के अंतर्गत जल प्याऊ की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर 4 मटकों में स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था नवांकुर संस्था प्रतिभा विकास सेवा समिति, चरगांव माल द्वारा श्री हरिलाल परते के नेतृत्व में की गई। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष श्री सुकल सिंह परते सहित ग्राम के प्रतिष्ठित नागरिक श्री बिसन उईके, श्री अजय मसराम, श्री अकल सिंह एवं श्री नवल सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री बिसन उईके का पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया तथा उनके द्वारा जल प्याऊ व्यवस्था का उद्घाटन किया गया।

## कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक




हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

कलेक्ट्रेट के गोलमेज कक्ष में कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने जिले के राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में राजस्व विभाग के कोर वर्क्स की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा, अभिलेख दुरुस्ती, राजस्व वसूली, रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण, साइबर तहसील आदि विषयों पर तहसीलवार जानकारी लेते हुए बिंदुवार चर्चा की गई।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे राजस्व विभाग के लंबित प्रकरणों का निराकरण शीघ्रता से करें। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग के कोर वर्क्स पर विशेष फोकस करें। कलेक्टर ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि वे राजस्व वसूली के कार्य में तेजी लाएं और शत-प्रतिशत वसूली का लक्ष्य हासिल करें। बैठक में अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, समस्त एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार और अन्य राजस्व अधिकारी उपस्थित थे।

## सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर मंडला पुलिस द्वारा साइकिल रैली का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर पुलिस अधीक्षक मंडला रजत सकलेचा के निर्देशन में जिला मंडला में साइकिल रैली (साइक्लोथॉन) का आयोजन किया गया। यह आयोजन जिला मुख्यालय के साथ-साथ थाना क्षेत्रों में भी संचालित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति, एकता, अनुशासन एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना रहा।



पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा द्वारा पुलिस लाइन मंडला में साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर शहर के मुख्य मार्गों में भ्रमण के लिए रवाना किया गया। साइकिल रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः पुलिस परेड ग्राउंड में संपन्न हुई। इस आयोजन के माध्यम से मंडला पुलिस ने समाज में एकता, स्वास्थ्य एवं अनुशासन का संदेश देते हुए जनसहभागिता को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय पहल की है। इस अवसर पर पुलिस विभाग के डीएसपी श्री सतीश चतुर्वेदी, रक्षित निरीक्षक श्री सुनील नागवंशी रक्षित केंद्र मंडला, मंडला साइक्लिंग क्लब के सदस्य, फुटबॉल कोच श्री पंकज उसराठे, छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए।

**नवरात्र** | आकर्षक झाकियों के साथ,दिन से लेकर देर रात्रि तक हुआ कलश जवारे का विसर्जन।

# भक्ति भाव में डूबे पंडा और पुजारी भक्त

*** माता की भक्ति में डूबा पूरा नगर।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

मंडला नगर सहित आस पास ग्रामों में चैत्र नवरात्रि दुर्गा पूजा पूरे नो दिवस भक्ति भाव के साथ मनाई गई दुर्गा नवमी को दिन में कन्या पूजन के साथ सभी जगह कन्या भोजन कराया गया वही सभी देवी मंदिरों में हवन पूजन कराया गया। बिछिया नगर के सभी देवी पंडालों में माता के दर्शन करने श्रद्धालु उमड़ रहे थे, जिसमें सबसे महत्वपूर्ण सैकड़ों वर्षों से भुआ खेरमाई सबसे प्रसिद्ध खेरमाई में प्रति वर्ष सैकड़ों से ज्यादा श्रद्धालु अपने परिवार की सुख शांति और मन्नतों के लिए घी मीठा तेल से पूरे नो दिवस कलश जवारे खप्पर,शीतला खड़ग जवारे बोए जाते है जो सैकड़ों वर्षों से लगातार जारी है, वहीं बिछिया से मंडला मार्ग पर बंजारी माता मंदिर जो वर्षों पुराना है, यहां भी नो दिवस कलश जवारे खप्पर शीतला खड़ग विराज मान होते हैं, इसी तरह बिछिया खेरमाई ,राज राजेश्वरी मंदिर, भुनेश्वरी मंदिर, इन सभी देवी स्थानों के अलावा वार्ड नं 10 पंडा शिव सोनवानी के काली माता दरवार में प्रति वर्ष लगभग हजारों कलश स्थापना जवारे खप्पर शीतला की स्थापना की जाती हैं, शुक्रवार का दिन नगर के लिए भक्ति भाव से भरा दिन रहा, दिन में डीजे बैंड बाजे आतिश बाजी ओर बाहर से आई अभूतपूर्व मां दुर्गा की आलौकिक झाकियों पंडा पुजारियों द्वारा भाव खेलती माताएं का लंबी कलश शोभा यात्रा निकाली गई जिनका विसर्जन बिछिया तालाब में किया गया। वहीं भुआ खेरमाई के ज्वारों का विसर्जन राम मंदिर के सामने एनीकट कुंड में देर रात 12 बजे तक चला, दिन भर लोग भक्ति भाव में डूबे रहे रात्रि कालीन विसर्जन के दौरान भी भुआ खेरमाई माता के कलश यात्रा के दौरान भाव खेलते पंडा पुजारियों को देखने आपार भीड राम मंदिर परिसर में देखी गई, बच्चे से लेकर बुजुर्ग भी माताओं के भाव खेलती देख भाव विभोर दिखे इस तरह सभी जगह कलश जवारे का विसर्जन सम्पन्न हुआ। दिन भर शोभा यात्रा कलश यात्रा रात्रि कालीन विसर्जन में प्रशासनिक व्यस्था दूरस्थ देखने को मिली।





## फील्ड ट्रेनर्स को दी जा रही है जनगणना के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी



*** जनगणना 2027: फील्ड ट्रेनर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

भारत की जनगणना 2027 के लिए जिला योजना भवन में फील्ड ट्रेनर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण अपर कलेक्टर श्री राजेंद्र कुमार सिंह की उपस्थिति में शुरू हुआ है। यह प्रशिक्षण 30 मार्च तक चलेगा। इसका उद्देश्य फील्ड ट्रेनर्स को जनगणना के कार्य को सुव्यवस्थित और त्रुटिरहित रूप से संपन्न करने के लिए तैयार करना है। फील्ड ट्रेनर्स को जनगणना के विभिन्न पहलुओं जैसे कि मकान सूचीकरण, मकानों की गणना, और डेटा संकलन के बारे में विस्तृत जानकारी दी जा रही है।

इन फील्ड ट्रेनर्स का मुख्य दायित्व होगा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षित करें, जिससे जनगणना का कार्य जमीनी स्तर तक प्रभावी ढंग से किया जा सके। उन्हें जनगणना के दौरान डेटा संग्रहण, प्रपत्र भरने की सही विधि, और मोबाइल ऐप के संचालन के बारे में भी जानकारी दी जा रही है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से फील्ड ट्रेनर्स को जनगणना के कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर सही और प्रभावी तरीके से संपन्न करने के तरीके सिखाये जा रहे है।

जनगणना 2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा। फील्ड ट्रेनर्स को इस कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश और तकनीकी जानकारी प्रदान की जा रही है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से जनगणना के कार्य को त्रुटिरहित और सफल बनाने के लिए फील्ड ट्रेनर्स को तैयार किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### एनटीपीसी द्वारा आयोजित किया गया राजभाषा कार्यशाला का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** एनटीपीसी द्वारा आमजन को राजभाषा से अवगत कराने की सोच के चलते बीते हुये दिवस एनटीपीसी अपर महाप्रबंधक बी. बी. पात्रा, अध्यक्षता में राजभाषा का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में राकेश कुमार, पूर्व निदेशक (राजभाषा), गृह मंत्रालय उपस्थित रहे। वही इस कार्यशाला के दौरान राजभाषा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन, हिन्दी निरीक्षण/जांच बिंदुओं के अनुपालन, हिन्दी पुस्तकों की क्रय-प्रक्रिया, प्रशासनिक बैठकों एवं कार्यालयीन कार्यों में हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने, हिन्दी पत्रिका के नियमित प्रकाशन तथा राजभाषा संबंधी कार्यशालाओं एवं अन्य गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की गई। इन विषयों से संबंधित निर्णयों, आगामी कार्य-योजना तथा आवश्यक कार्यवाहियों पर विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया गया।इस अवसर पर कार्यालयीन कार्यों में राजभाषा हिन्दी के अधिकाधिक प्रयोग को सुनिश्चित करने हेतु निरंतर प्रयास करने पर बल दिया गया। वही इस दौरान प्रतिभागियों द्वारा उठाए गए विभिन्न प्रश्नों/समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक मार्गदर्शन एवं निर्देश प्रदान किए गए।

### सुनील बने जिला महामंत्री

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**



निश्चित तौर से कोई समाज हो या फिर संगठन यदि उसके दायित्वों का निर्वाहन करने वाले व्यक्ति निष्ठावान होते है तो संगठन व समाज को मजबूरी मिलने से नही चूक पाती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई नगर के सुनील अग्रवाल गुल्ले में होने के चलते अग्रवाल समाज समाज द्वारा उन्हें प्रमुख दायित्व सौपा गया है। बताया जाता है कि अग्रवाल समाज जिला कार्यकारणी के पदाधिकारियों की सहमति से सुनील अग्रवाल को अपनी समाज की महासभा के जिला महामंत्री पद पर नियुक्त किया है।

### पति पत्नी के साथ की मारपीट

**चीचली।** समीपस्थ ग्राम मऊ निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह सूखाखैरी से अपने गांव आ रहा था उसी दौरान बलराम की किराना दुकान के पास हरिशंकर कौरव एवं उसका भतीजा सौरभ कौरव मिले और पुरानी बुराई को लेकर रास्ता रोकते हुये गंदी गंदी गालिया देने लगे। प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किये जाने पर दोनों ने एक राय होकर मारपीट की तथा जब प्रार्थी की पत्नी बीच बचाव करने के लिये आई तो उसके साथ भी झूमा झाटकी की गई जिसके चलते उसके गले की मोतियों की माला टूटकर बिखर गई। घटना को लेकर पुलिस द्वारा प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### शराब पीने के लिये पैसा नही दिये जाने पर बाइक में लगाई आग

**गाडरवारा।** डोगरगांव पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिनों ग्राम चांदनखेड़ा निवासी हल्के पिता हुल्कर सिंह धानक द्वारा पुलिस थाने में बताया है कि जब वह अपने साथी मोहन धानक के साथ अपनी मोटर साईकिल क्रमांक MP49-ML6362 से कल्याणपुर गये हुये थें। वही वापिस आने के दौरान रास्ते में रायपुर निवासी सत्तू उर्फ सत्य नाराया लड़िया तथा भागचंद ठाकुर मिले। इन दोनों ने प्रार्थी का रास्ता रोकते हुये शराब पीने के लिये पैसों की मांग की गई। जब प्रार्थी द्वारा पैसा देने से इंकार किया तो आरोपियों द्वारा एक राय होकर गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा मोटर साईकिल में लोहे की राड से तोड़फोड करने के साथ साथ पेट्रोल डालकर बाइक को आग लगा दी।

### प्रशासनिक अधिकारियों भी मौके पर पहुंचकर किया मौके का मुआवना

# सालीचौका क्षेत्र में दर्जनों किसानों की जलकर खाक गेहूं की फसल को देखने पहुंचे युवा नेता योगेश

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका। अपने खेतों में रात दिन एक करते हुये मेहनत करने के बाद जो अन्न किसान द्वारा पैदा किया जाता है उसको खाने के बाद ही व्यक्ति अपना जीवन जी सकता है। इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि भले ही किसी के पास अरबो रूपया या फिर सोना चांदी क्यों न रहे। मगर गरीब से लेकर अमीर व्यक्ति को अपना जीवन जीने के लिये खाना तो किसान द्वारा खेतों में पैदा किये जाने वाले अनाज ही पड़ेगा। इस तरह देश दुनियो पर रहने वाले मानव जीवन को पेट भर भोजन कराने की सोच के चलते अनेक मुश्बितों का सामना करते हुये अन्नदाता अपने खेतों में अन्न पैदा करने में लगा रहता है।**

इस अन्नदाता को जहां प्रकृति की मार झेलने के लिये मजबूर होते हुये देखा जाता है तो कभी इस तरह की घटना घटित हो जाती है कि चंद मिनिटों के अंदर इस माटी पुत्र का सबकुछ बिखरते हुये देखा जाता है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये शुक्रवार को सालीचौका क्षेत्र के ग्राम पनागर, सहावन, आडेगांव में देखने मिली है जहां पर एक चिंगारी ने माटी पुत्र के अनेक सपनों को चंद मिनिटों के अंदर किस तरह से धूमित किया गया है इसकी सच्चाई सिर्फ माटी से जुडा हुआ व्यक्ति ही समझ सकता है। जहां एक ओर राम नवमी व दुर्गा नवमी के चलते लोगो भक्ति में लीन नजर आने से नही चूक रहे थें। मगर अज्ञात कारणों के चलते घटित हुई एक घटना ने क्षेत्र के अन्नदाताओं की खुशियों को जिस तरह से चंद





मिनिटो के अंदर ग्रहण लगाया गया है उसके चलते अब उन किसानों की आंखों में आंसुओं के आलवा कुछ नजर नही आ रहा है। बताया जाता है कि शुक्रवार की दोपहर अचानक एक चिन्गारी के माध्यम से भडकी आग से इस तरह से विकराल रूप धारण किया गया देखते ही देखते दर्जनों किसानों के खेतों में खड़ी हुई लगभग सौ एकड़ से अधिक की गेंहू फसल जलकर खाक होने से नही बच पाई। इस घटना के बीच किसानों के खेतों में बने हुये मकानों पर रखी हुई सिंचाई सामग्री सहित अन्य प्रकार की सामग्री भी इस आगजनी की घटना की चपेट में आने के कारण मानों



हरिभूमि

एक चिंगारी ने अन्नदाता की गेंहू फसल चंद मिनिटों में जलाकर कर दी खाक

अन्नदाता को पूर्णरूप से बर्बाद कर दिया गया है। सालीचौका क्षेत्र में घटित हुई इस घटना की जानकारी जब क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह को लगी तो उनके द्वारा राजस्व विभाग के अधिकारियों को तुरंत आदेशित करते हुये कहा कि वह अतिशीघ्र पीड़ित किसानों से मुलाकात करते हुये आगजन में बर्बाद हुई गेंहू फसल का पंचनामा बनाते हुये कार्यवाही शुरू कर जिससे समय रहते हुये पीड़ित किसानों की संभव मदद की जा सके। इसी के चलते घटना के दूसरे दिवस चीचली नायब तहसीलदार नितिन राय अपने टीम के साथ मौके पर पहुंचे और किसानों के खेतों में आग से जली हुई गेंहू सफलों का मुआवना करते हुये पंचनामा की कार्यवाही की गई। वही दूसरी ओर क्षेत्र के युवा भाजपा नेता तथा जिला पंचायत सदस्य डा. योगेश कौरव द्वारा भी क्षेत्र का भ्रमण करते हुये आग से जलकर खाक हुई फसलों को देखने के साथ साथ पीड़ित परिवारों के बीच पहुंचकर घटना की जानकारी लेते हुये उन्हें क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह के सहयोग से हर संभव मदद का भरोसा दिलाया गया। यदि किसानों की सच्चाई पर गौर किया जावे तो जब किसान अपने खेतों में किसी भी फसल की बोनी करने पहुंचता है तो उसी समय खेत में लगाई जाने वाले के तेयार होने के बाद उसके माध्यम से किये जाने वाले कार्यो का सपना देखना शुरू कर देता है। इस तरह अनेक किसानों ने जहां अपनी गेंहू फसल के माध्यम से बेटियों की शादी का सपना संजोया गया होगा तो किसी ने अपने बच्चों की पढ़ाई के लिये जरूरी व्यवस्थाये बनाने की सोच रखी गई होगी। वही कुछ गरीब व मध्यम वर्ग के किसानों ने अपने खेत में लगाई गई गेंहू फसल से साल भर भोजन के लिये व्यवस्था रखने की सोच रखी गई होगी। मगर एक चिन्गारी ने अनेक किसानों के संपनों को जिस तरह से चंद मिनिटों के अंदर धूमित किया गया है उसके कारण अब अन्नदाता की आंखें में अपने खेतों में लहलहाती हुई फसल की राख देखकर आंसू की गंगा बहने से नही चूक पा रही है..। इस घटना के चलते क्षेत्र का अन्नदाता पूर्णरूप से टूटने से नही बच पाया है। यदि शासन प्रशासन के माध्यम से इन पीड़ित किसानों का मदद नही मिली तो निश्चित तौर से अनेक किसानों को अपने परिवार को भोजन उपलब्ध कराने के लिये परेशानी होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है..?

# शिक्षा मंत्री सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई चीचली विकास खंड में विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक

### जल संरक्षण व संवर्धन पर दिया जोर

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** यदि समय समय पर विभागीय कार्यो को लेकर बैठकों का आयोजन करते हुये दिशा निर्देष जारी होते है तो निश्चित तौर कार्यो में जहां गुणवत्ता बनी रहती है तो दूसरी ओर संबंधित विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों में निष्ठा पूर्वक कार्य करने के लिये एक तरह दहशत दिखाई देने से नही चूकती है। कुछ इसी प्रकार से बीते हुये दिवस क्षेत्र के विधायक तथा प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन नगर के पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में किया गया। यह बैठक मुख्यरूप से बाबई-चीचली विकास खंड क्षेत्र के अंतर्गत हुये विकास कार्यो पर केन्द्रित रहने के चलते विभागीय योजनाओं की समीक्षा एवं जल गंगा संवर्धन अभियान पर चर्चा करते हुये शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह द्वारा अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिये गये। बताया जाता है कि बैठक में नल-जल योजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए गए कि पंचायतों के माध्यम से संचालित पेयजल योजनाओं में किसी भी प्रकार की बिजली बिल या विद्युत संबंधी समस्या के कारण पेयजल आपूर्ति बाधित नहीं होनी चाहिए। वही मुख्य कार्यपाली अधिकारी जनपद पंचायत चीचली को पंचायतों का नियमित भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान मंत्री




सिंह ने ग्राम पंचायत मोहपानी, पिपरिया डुरसुरू, सहावन, खला, मारेगांव, अमाड़ा एवं बारहाबड़ा पंचायतों में संचालित निर्माण कार्यों व अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुये उन्होंने कहा कि सरपंच-सचिव अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जवाबदारी के साथ करें तथा जिस मद की राशि होती है उसका उपयोग निर्धारित समय सीमा में करते हुए सभी निर्माण कार्य 15 जून तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार से संबल योजना की समीक्षा करते हुए तीन माह से अधिक लंबित प्रकरणों की जानकारी ली गई। बताया गया कि 29 हितग्राहियों को सहायता राशि प्रदान की जा चुकी है, जबकि तकनीकी कारणों से 13 प्रकरण जिला मुख्यालय स्तर पर लंबित हैं, जिसका निराकरण किया जा रहा है। ग्रामीण विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान मंत्री सिंह ने निर्देश दिए गए कि जिन पंचायतों में राशि उपलब्ध है, वहां निर्माण कार्यों के प्रस्ताव शीघ्र भेजे जाएं। साथ ही ऐसे भवन जो जनहित में उपयोगी नहीं हैं, उन्हें डिस्मेंटल करने की कार्रवाई की जाए। वही दूसरी ओर सरपंच-सचिवों को आंगनवाड़ी केन्द्रों की सतत मॉनीटरिंग कर बच्चों को पोषण आहार वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ग्राम इमलिया, बसुरिया, अमाड़ा सहित अन्य आंगनवाड़ी केन्द्रों के भवनों के निर्माण कार्यों में गति लाने के निर्देश भी दिए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत इस माह जनपद चीचली में 1700 हितग्राहियों को स्वीकृति मिलने की जानकारी दी गई। सीईओ जनपद एवं एसडीएम को निर्देशित किया गया कि निर्माण कार्यों के लिए रेत की उपलब्धता उचित मूल्य पर सुनिश्चित की जाए। बैठक में सांसद एवं विधायक निधि से संचालित कार्यों की प्रगति, स्कूलों में फर्नीचर की उपलब्धता तथा प्रधानमंत्री सड़क योजना की भी समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के आलवा सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश, एसडीएम श्रीमती कलावती व्यारे, जिला पंचायत सदस्य डॉ. योगेश कौरव, पूर्व जनपद अध्यक्ष मुकेश मरैया, राव संदीप सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि, सरपंच, सचिव, जीआरएस एवं अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### इमालिया गांव में श्री विष्णु महायज्ञ एवं रामचरित मानस के चलते दिखाई दे रहा मनोरम दृश्य

# गौवंश पालन करना सनातनी का कर्तव्य

**हरिभूमि न्यूज/कल्याणपुर।** जब किसी क्षेत्र में महायज्ञ हो या फिर किसी भी प्रकार का धार्मिक आयोजन क्षेत्र की फिजा बदलने में देर नही लगती है और संपूर्ण क्षेत्रवासी धर्ममय हो जाते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई समीपस्थ ग्राम इमालिया कल्याणपुर में देखने मिल रही है। समीपस्थ ग्राम इमलिया ( कल्याणपुर ) में श्री रामाश्रित सत्संग सभा के तत्वावधान में 57 वां श्री विष्णु महायज्ञ एवं रामचरित मानस सम्मेलन का आयोजन चल रहा है। इस महायज्ञ के आयोजन से गांव का पूरा माहौल धर्ममय बना हुआ है । वही दूसरी ओर प्रतिदिन अनेक क्षेत्रीय श्रद्धालु यज्ञ शाला की परिक्रमा लगाने एवं प्रवचनों को सुनने यज्ञ स्थल पहुंचने से नही चूक रहे है। आने वाले 2 अप्रैल तक आयोजित होने वाले इस महायज्ञ में प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे एवं रात्रि 8 बजे से 12 बजे तक संतो की दिव्यवाणी के माध्यम से भगवान की लीलाओं का वर्णन सुनाया जा रहा है। इस तरह आयोजन के चौथे दिवस की कथा मे दक्षिण कौशल पीठाधीश्वर राजीव लोचन दास महाराज ने भगवान की कथा सुनाते हुये कहा कि गोवंश पालन हर सनातनी का कर्तव्य होना चाहिए। क्योंकि गौमाता के अंदर सृष्टि के सभी देवता निवास करते है। मगर देखा जा रहा है कि लोग अपने घरों में इस तरह के जीव जंतु पालते हुये देखे जा रहे है जिनका घर में एक निर्धारित स्थान होने के चलते घर के अंदर प्रवेश वर्जित



होता है। वही दूसरी ओर हमारा गौवंश सड़को पर भटकने के लिये मजबूर होते हुये देखा जा रहा है। सड़को पर भूखे प्यासे घुम रहे गौवंश की चिंता शायद अब किसी को नही रही है। हमारे सनातन धर्म की पहचान है कि हर घर में गौवंश होना चाहिये। राष्ट्र जब बचेगा जब हम सभी मिलकर जाति पार्टी के बंधनों से मुक्त होकर एक होकर दुष्ट प्रवत्तियों का सामना करेंगे। इस मौके पर उन्होंने गुरु की महिमा एवं केवट प्रसंग वर्णन सुनाते हुए कहा कि हम सभी को गुरु की आज्ञा का पालन करना चाहिए। भगवान राम ने अपने भाइयो के साथ गुरु वशिष्ठ के आश्रम में रहकर शिक्षा ग्रहण की थी। इस दौरान उन्होंने मानस समागम के आयोजन में श्री राम आश्रम सत्संग सभा इमलिया के सेवा भाव की प्रशंसा की गई। श्री विष्णु महायज्ञ आज 29 मार्च से विद्वान संत कामदगिरि पीठाधीश्वर जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी श्री 1008 श्री रामस्वरूपाचार्य का आगमन हो रहा है। वह भगवान श्रीराम की कथा का सुन्दर वर्णन सुनावेगे।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सांईखेड़ा क्षेत्र के ग्रामों में जागरूकता के साथ हुए विविध आयोजन




**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विकास खंड साईंखेड़ा के सेक्टर क्रमांक 3 के अंतर्गत आने वाले विभिन्न ग्रामों में जलशक्ति से नवभक्ति कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान ग्राम अजंदा, डुंगरिया, धनौरा सहित अन्य ग्रामों में जल संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने हेतु अनेक गतिविधियां संचालित की गईं। इस दौरान जल संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम के तहत कलश पूजन, वृक्ष पूजन एवं जल मंदिर (प्याऊ) की स्थापना जैसे प्रेरणादायक आयोजन किए गए। बताया जाता है कि इन गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीणों को जल के महत्व, उसके संरक्षण और समुचित उपयोग के प्रति जागरूक किया गया। वही नागरिकों को जागरूक करते हुए कहा कि जल ही जीवन का आधार है और इसके संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास अत्यंत आवश्यक हैं। जलशक्ति से नवभक्ति कार्यक्रम के माध्यम से जल के प्रति संवेदनशीलता विकसित की जा रही है, जिससे भविष्य में जल संकट की चुनौती को कम किया जा सके। ग्रामीणों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए जल संरक्षण के लिए सक्रिय सहभागिता निभाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर परामर्शदाताओं, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के विद्यार्थी, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के पदाधिकारियों व ग्रामीणजन मौजूद थे।

# मंत्री सिंह ने किसानों को शासन की योजनाओं से किया लाभांवित

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** प्रदेश शासन के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह के मुख्य आतिथ्य में बीते हुये दिव संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह सहित अन्य अतिथियों ने शासन की संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत किसानों को लाभान्वित किया गया। इस दौरान उन्होंने यहां नरवाई प्रबंधन के लिए 5 सुपर सीडर, 5 बैटरी स्प्रेयर और 5 किसानों को स्वाइन हेल्थ कार्ड का वितरण किया। आयोजन के दौरान मुख्य रूप से नगरपालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा, कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह, सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश, पूर्व नजपद अध्यक्ष मुकेश मरैया, जिला पंचायत सदस्य डॉ. योगेश कौरव, भाजपा अनुसुचित जाती जिला अध्यक्ष कमल खटीक, नगर भाजपा मंडल चंद्रकांत शर्मा, चीचली भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेश कौरव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, उप संचालक कृषि मोरिस नाथ के आलवा अन्य अधिकारी- कर्मचारी हितग्राही और गणमान्य नागरिक मौजूद थे। आयोजित शिविर में किसान कल्याण तथा कृषि



विकास विभाग द्वारा स्टॉल लगाया गया था। इस दौरान किसानों को नरवाई प्रबंधन, ई-विकास उर्वरक वितरण प्रणाली, एक जिला एक उत्पाद, ग्रीष्मकालीन मूंग के स्थान पर उड़द फसल को प्रोत्साहन की जानकारी दी। किसानों को दलहनी फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया गया। किसानों को बताया कि सरकार द्वारा एमएसपी के अतिरिक्त 600 रुपये प्रति क्विंटल बोनस दिया जा रहा है। उड़द की उन्नत किस्म का बीज जिले के सभी विकासखंड कार्यालयों एवं कृषि विस्तार अधिकारी क्षेत्र में भी शासकीय अनुदान पर उपलब्ध है। कार्यक्रम में कृषको ने अवगत कराया कि मूंग में एक एकड़ में 4 से 5 क्विंटल उत्पादन होता है जबकि उड़द में 8 से 10 क्विंटल उत्पादन होता है। मूंग फसल में लगभग 5 से 6 बार कीटनाशक दवा का छिड़काव करना पडता है, जबकि उड़द की फसल में 2 से 3 बार ही कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जाता है। मूंग की जगह उड़द फसल में पानी की भी कम आवश्यकता होती है। किसानों ने बताया कि मूंग फसल से अधिक मुनाफा उड़द की फसल में होता है।

### स्कूलों में किया गया एफएलएन मेले का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार शासकीय स्कूलों में कक्षा पहली एवं कक्षा दूसरी अध्ययनरत बच्चों के लिए एफएलएन मेले के तृतीय चरण के आयोजन की शुरूआत हो चुकी है। बताया जाता है कि इस मेला में विभिन्न स्टालों के अंतर्गत पंजीयन, शारीरिक विकास, बौद्धिक विकास, भाषा विकास, गणित की पूर्व तैयारी तथा बच्चों का कोना इत्यादि के अंतर्गत होने वाली विभिन्न गतिविधियों यथा संतुलन, हाथ के कार्य, निशाना लगाना, चित्र वाचन, पढ़ना, गिनना, अंक पहचान, बढ़ते क्रम में, जोड़ घटाव, हाथों का समन्वय, सामाजिक व भावनात्मक विकास से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर आधारित करते हुये मौजूद बच्चों की गतिविधियां कराई गईं । मेला में बच्चों की माताओ को भी आमंत्रित किया गया था। मेलों के आयोजन उपरांत गूगल लिंक पर सभी स्कूलों द्वारा जानकारी दर्ज की गई। बताया जाता है कि यह मेले साईंखेडा व चीचली ब्लॉक की सभी शासकीय शालाओं में लगाए गये थें।

## 'कबाड़ से जुगाड़' का हुनर दिखाया स्कूली बच्चों को



**हरिभूमि न्यूज/सिहोरा/बोहानी।** कभी कभी कबाड़ से एकत्र की गई सामग्री के माध्यम से इस तरह की चीजे उपलब्ध हो जाती है जिनकी कल्पना नही की जा सकती है। वही दूसरी कबाड़ से एकत्र की गई सामग्री के माध्यम लोगों द्वारा इस तरह के निर्माण करते हुये अपना नाम रोशन करने में पीछे नही रहते है। इस तरह कबाड़ से जुगाड़ की सच्चाई को लेकर बीते हुये दिवस जनपद पंचायत चावरपाठा के अंतर्गत आने वाले ग्राम हर्रई (ठुटी ) के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 'सतत जीवन शैली' कार्यशाला का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने अनुपयोगी सामग्री (वेस्ट मटेरियल) से कलात्मक वॉल हैंगिंग, पेन स्टैंड सहित पक्षियों के लिए घोंसले बनाकर अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया। इस आयोजन में संस्था प्राचार्य श्रीमती मेघा भार्गव ने विद्यार्थियों को प्रकृति संरक्षण की शपथ दिलाते हुए पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम में क्लब प्रभारी श्रीमती शानू मेहरा के संयोजन में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को शील्ड व प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर शिक्षक महेंद्र कौरव, दिनेश शर्मा, अरुण पटेल, भोजराज सिंह ठाकुर, ओमप्रकाश कौरव, सौरभ साहू, सुरेश विश्वकर्मा, स्वतंत्र शर्मा और श्रीमती सम्मी शर्मा सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## जान से मारने की धमकी दी

**चीचली।** पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम गोटीटोरिया निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह गांव में एक नास्ते की दुकान पर बैठा हुआ था उसी दौरान प्रेमनारायण वंशकार नामक व्यक्ति शराब पीकर आया और प्रार्थी को गंदी गंदी गालिया देते हुये जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

दिल्ली पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल गाडरवारा
CBSE बोर्ड आधारित, DPIS Org. नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
कक्षा नर्सरी से कक्षा आठवीं तक
DPIS
प्रवेश प्रारंभ
विवेकानंद वार्ड, शनि मंदिर के पास, सांईधाम कॉलोनी, गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर
Mob. : 903 9230 199, 722 4021 199 Email- dpsgadarwara@gmail.com

खबर संक्षेप

## ग्रीष्मकाल में पेयजल व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करने हेतु कंट्रोल रूम स्थापित

उमरिया। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग ने बताया कि ग्रीष्म काल में पेयजल व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करने हेतु हैंडपंप संधारण एवं नल जल योजना संचालन, संधारण हेतु जिला अंतर्गत उपखंड स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसका मोबाइल नंबर 9993202477 है। ‹उन्होने बताया कि कंट्रोल रूम के लिए अनुरूध्द सिंह उद्दे हैंडपंप टेक्नीशियन कि सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक के लिए तथा संजय बर्मन स्टोर क्लर्क कि दोपहर 2 बजे से सायं 8 बजे तक के लिए लगाई गई है। अवकाश के दिनों में अनिरुद्ध सिंह उद्दे हैंडपंप टेक्नीशियन को फोन अटेंड कर शिकायत रजिस्टर में संधारित करने हेतु नियुक्त किया गया है। उन्होने बताया कि इसके अतिरिक्त जिला स्तर एवं विकासखंड स्तर पर कार्यरत आर के गुप्ता सहायक यंत्री प्रभारी कंट्रोल रूम मोबाइल नंबर 7974203198, हिमांशु जायसवाल उपयंत्री विकासखंड मानपुर पाली मोबाइल नंबर 8109380365 तथा अजय कुमार शर्मा उपयंत्री विकासखंड करकेली मोबाइल नंबर 9131215330 तथा ठेकेदार मेसर्स इंटरनेशनल स्पेशल स्क्योरिटी फोर्स करकेली, मानपुर पाली मोबाइल नंबर 9752291747 से सीधे संपर्क किया जा सकता है ।

## 2 अप्रैल से होमा श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन

कोतमा। नगर के वार्ड क्रमांक चार शंकर मंदिर में 2 अप्रैल से श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति के विजय जायसवाल ने बताया कि 2 अप्रैल को कलश यात्रा दोपहर 3:00 से भागवत महात्म परीक्षित जन्म कथा 3 अप्रैल को जड़ भरत कथा हरिण्याक्ष्य वध कपिल व्याख्यान 4 अप्रैल को ध्रुव प्रहलाद कथा समुद्र मंथन हिरण्यकश्यप सती उद्धार 5 अप्रैल को वामन अवतार राम कथा कृष्ण जन्म 6 अप्रैल को गोवर्धन पूजा छप्पन भोग बाल कथा 7 अप्रैल को रुक्मणी हरण रुक्मणी विवाह 8 अप्रैल को सुदामा चरित्र पुष्प वर्षा तुलसी वर्षा कलयुग कथा 9 अप्रैल को गीता पाठ तर्पण हवन भंडारा विसर्जन के बाद श्रीमद् भागवत कथा पुराण का समापन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा यज्ञ में कथा वाचक आचार्य सुद्धामा महाराज के द्वारा किया जाएगा। उन्होंने सभी धर्म प्रेमियों से आग्रह किया है कि श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव में पहुंचकर पूर्ण लाभ उठावें।

## जंगल की आग से कच्चे मकान में लगी आग, बड़ी अनहोनी टली, लाखों का सामान जलकर खाक

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** मध्य प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक के नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 11, बैंक टोला में जंगल में लगी आग ने एक कच्चे मकान को अपनी चपेट में ले लिया। गनीमत रही कि घटना के समय घर में कोई मौजूद नहीं था, जिससे एक बड़ी अनहोनी टल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दोपहर लगभग 12 बजे के आसपास किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा जंगल में गिरे सूखे पत्तों में आग लगा दी गई। तेज हवा के कारण आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और पास ही स्थित लल्लूराम उसराठे (उम्र 64 वर्ष) के कच्चे मकान तक पहुंच गई। घटना के समय लल्लूराम की पत्नी उचित मूल्य की दुकान से राशन लेने गई थीं, जबकि वे स्वयं नर्मदा मंदिर के सामने कार्य हेतु गए हुए थे। सूचना मिलने पर दोनों तत्काल मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक मकान का एक बड़ा हिस्सा आग की लपटों में घिर चुका था। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया और नगर परिषद को भी सूचना दी गई। अग्निशमन दल के पहुंचने से पहले ही घर में रखा अधिकांश सामान जलकर नष्ट हो चुका था। बाद में आग पर काबू पा लिया गया। इस आगजनी में घर का लाखों रुपये का सामान जल गया, जिसमें घरेलू उपयोग की वस्तुएं, बर्तन, कांच के सामान एवं बेटे के दहेज में मिला पलंग आदि शामिल हैं। घटना के कारणों का अब तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है, किंतु प्रारंभिक तौर पर जंगल में लगाई गई आग को ही इसका कारण माना जा रहा है। यह घटना एक बार फिर जंगलों में आग लगाने की लापरवाही के गंभीर परिणामों की ओर संकेत करती है। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा बच्चों का भविष्य 10 साल बाद भी अधूरा प्राथमिक स्कूल भवन



**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।** शहपुरा जनपद अंतर्गत डिंडोरी जिले के ग्राम पंचायत कछारी माल में शिक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर लापरवाही और कथित अनियमितता का मामला उजागर हुआ है। लगभग एक दशक पहले शुरू हुआ प्राथमिक स्कूल भवन आज तक पूरा नहीं हो सका है जिससे गांव के बच्चों का भविष्य प्रभावित हो रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार स्कूल भवन का निर्माण कार्य तत्कालीन पंचायत सचिव बलराम सिंह सैयाम के कार्यकाल में प्रारंभ हुआ था। उस समय ग्रामीणों और विद्यार्थियों में नए भवन को लेकर काफी उम्मीदें थीं लेकिन वर्षों बीत जाने के बाद भी निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है और भवन की छत तक नहीं डाली जा सकी है।

जानकारी के अनुसार निर्माण कार्य के नाम पर लाखों रुपये खर्च होना अभिलेखों में दर्शाया गया है जबकि जमीनी स्थिति इसके विपरीत है। भवन आज भी अधूरा और जर्जर अवस्था में पड़ा हुआ है। इसके चलते बच्चों को मजबूरी में पुराने या अस्थायी व्यवस्था में बैठकर पढ़ाई करनी पड़ रही है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि निर्माण कार्य में वित्तीय अनियमितता हुई है और राशि का दुरुपयोग किया गया है। इस संबंध में पूर्व में कई बार शिकायतें भी की गईं लेकिन अब तक कोई ठोस जांच या कार्रवाई सामने नहीं आई है।

अधूरा भवन समय के साथ खस्ताहाल होता जा रहा है जिससे दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई करने और स्कूल भवन निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराने की मांग की है ताकि बच्चों को सुरक्षित और बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके।

# ग्राम मोहनझिर में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्याऊ का उद्घाटन



**अमरपुर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड अमरपुर एवं जिला डिंडौरी के मार्गदर्शन पर नवांकुर संस्था उत्थान सेवा संस्थान आलोनी के नेतृत्व में जल मंदिर ;प्याऊद्ध का ग्राम मोहझिर के गोरखपुर भानपुर तिराहे में स्थानीय ग्राम पंचायत सरपंच होम सिंह के द्वारा नारियलए अगरबत्ती एवं तिलक बंदन कर जल मंदिर ;प्याऊद्ध का उद्घाटन पश्चात सरपंच होम सिंह ने अपने उद्बोधन में बताया कि जन अभियान परिषद द्वारा प्रति वर्ष जल संरक्षणए जल संवर्धन का कार्य किया जाता हैं। जिसमें जल स्त्रोत का संरक्षणए बोरी बांधए साफ सफाई का कार्य किया जाता हैं। जिसमें आज ग्राम मोहनझिर में जल मंदिर प्याऊ के माध्य से भीषण गर्मी में लोगों को पीने का पानी निशुल्क रूप आसानी से उपलब्ध होए भविष्य के लिए हमें जल बचाकर रखना आवश्यक हैंए जल स्त्रोतों का संरक्षण करते हुए बढ़ते गर्मी एवं पर्यावरण में बदलाब को देखते हुए जल स्त्रोत जैसे नदीए नालेए कुएं एवं तालाबों का संरक्षण कर हम जीव जंतुओं के लिए जल संचय कर लोगों को जागरूक कर सकते हैं। इस कार्यक्रम में नवांकुर संस्था के प्रभारी गणेश केवर्थए परामर्शदाता लाल सिंह ठाकुरए ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष मीर सिंह कुशरामए सचिव शंकर सिंह परस्तेए राजेश कुमार कुशरामए राकेश सिंह मरावीए नाम चंदए भान सिंहए कोमल सिंह एवं अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

# देवगांव पंचायत में ताला सचिव नदारद ग्रामीण परेशान प्रशासन पर उठे सवाल



**डिंडोरी ।** ग्राम पंचायत देवगांव में पिछले लगभग एक माह से पंचायत कार्यालय बंद पड़ा है और मुख्य द्वार पर ताला लगा हुआ है। पंचायत सचिव की अनुपस्थिति के कारण ग्रामीणों को शासकीय कार्यों के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों के अनुसार सचिव लंबे समय से कार्यालय नहीं आ रहे हैं जिससे पंचायत से जुड़े सभी जरूरी कार्य पूरी तरह ठप हो गए हैं। जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने आय और निवास प्रमाण पत्र के आवेदन पेंशन से संबंधित कार्य तथा अन्य शासकीय योजनाओं के दस्तावेजों के लिए ग्रामीणों को बार बार चक्कर लगाना पड़ रहा है लेकिन हर बार कार्यालय बंद मिलने से उन्हें निराश लौटना पड़ता है।

पंचायत में ताला लगे रहने से कई जरूरी काम लंबित हैं जिससे आम लोगों को गंभीर दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने वाले परिवारों को अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है।ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पंचायत सचिव की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए और बंद पड़े कार्यालय को शीघ्र खोला जाए ताकि लोगों के जरूरी कार्य समय पर पूरे हो सकें।ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो वे उच्च अधिकारियों से शिकायत करने को बाध्य होंगे।

# संस्कार पब्लिक स्कूल शहपुरा में वार्षिक परीक्षा परिणाम समारोह संपन्न उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यार्थियों का सम्मान



**शहपुरा।** संस्कार पब्लिक हाई स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एम के राय तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यालय प्रबंधन समिति के संरक्षक आर एस गुरुदेव सीएसी शहपुरा शिक्षक अश्वनी साहू संजय साहू और डॉक्टर सुशील झारिया उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यालय की शत प्रतिशत उत्तीर्णता पर बधाई दी।

राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल द्वारा आयोजित कक्षा पांचवीं और आठवीं बोर्ड परीक्षा में शहपुरा नगर में विद्यालय के विद्यार्थियों ने सर्वोच्च अंक प्राप्त किए। कक्षा आठवीं में गौरव रजक ने 92 प्रतिशत तथा कक्षा पांचवीं में प्रिंस कुमार उइके ने 94ण25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया।

अन्य कक्षाओं में भी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। नर्सरी में अमोल्या तेकाम एलकेजी में नवग्या झारिया यूकेजी में भूपेंद्र झारिया कक्षा पहली में स्पर्श साहू कक्षा दूसरी में दर्शन साहू कक्षा तीसरी में भूमि पुष्पाकर कक्षा चौथी में मेघा झारिया और कक्षा पांचवीं में प्रिंस कुमार उइके प्रथम स्थान पर रहे। कक्षा पांचवीं में द्वितीय स्थान पूर्वी डोंगरे तथा तृतीय स्थान समीक्षा साहू ने प्राप्त किया।कक्षा छठवीं में स्मृति साहू कक्षा सातवीं में एंजेल साहू और कक्षा आठवीं में गौरव रजक प्रथम रहे। कक्षा आठवीं में द्वितीय स्थान रिदिमा बघेल तथा तृतीय स्थान दिव्यांश सेनी को मिला। कक्षा नौवीं में नम्रता ठाकुर प्रथम वैष्णवी शर्मा द्वितीय और नैंसी झारिया तृतीय स्थान पर रहीं।

विद्यालय के चारों हाउस के आंतरिक मूल्यांकन में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर रविंद्र नाथ टैगोर यलो हाउस ने पहला स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया तथा अंक सुधार शिविर प्रारंभ करने की घोषणा की गई जिससे मध्यम प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को अतिरिक्त मार्गदर्शन मिल सके।अभिभावकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही और विद्यार्थियों को अंकसूची के साथ प्रगति पत्र भी वितरित किए गए।

उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विद्यालय के संचालक लाला प्रसाद झारिया का सम्मान किया गया।कार्यक्रम में संचालक ने परिणाम को सीखने का एक पड़ाव बताते हुए आगामी सत्र में खेल अभ्यास और नैतिक शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक दिनेश कुमार गौतम ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण अभिभावक और बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# नर्मदांचल विद्यापीठ बरगांव में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया यू केजी ग्रेजुएशन डे



**शहपुरा।** नर्मदांचल विद्यापीठ बरगांव में शनिवार को बड़े ही हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इसी अवसर पर नन्हे.मुन्ने विद्यार्थियों के लिए न्ज्ञळ ळतंकनंजपवद क्ंल का भव्य आयोजन भी किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन से हुई जिससे पूरे वातावरण में उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री नलिन कांत बाजपेयी उपस्थित रहे। वे श्रमजीवी पत्रकार संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं और वर्तमान में संयोजक के रूप में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

दूसरे अतिथि डॉण सुनील कांत बाजपेयी उपस्थित रहे। वे पूर्व पशु चिकित्सक और चिकित्सालय प्रमुख रह चुके हैं तथा वर्तमान में प्रबंधक और जनजाति कल्याण केंद्र के सचिव के रूप में समाज सेवा में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने अपने उद्बोधन में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और शिक्षा के साथ संस्कारों के महत्व पर विशेष बल दिया।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विक्रम जी विद्यालय समिति सदस्य और श्याम जी प्रकल्प प्रमुख उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान कक्षा अनुसार प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही ठमेज ।जजमदकंदबम ठमेज च्मतवितउमत डवेज भ्मसचनिस और क्पेबपचसपदम ;तक देकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। न्ज्ञळ के नन्हे बच्चों ने ग्रेजुएशन ड्रेस पहनकर मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई जिससे कार्यक्रम और आकर्षक बन गया।अभिभावकों की भी अत्यंत सराहनीय उपस्थिति रही। उन्होंने विद्यालय की शिक्षण पद्धति और बच्चों में दिए जा रहे श्रेष्ठ संस्कारों की प्रशंसा की और कहा कि विद्यालय में शिक्षा के साथ.साथ बच्चों के व्यक्तित्व विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

# समय सीमा पूर्ण होने के बावजूद भी पुलिया निर्माण कार्य अभी तक अपूर्ण




**अमरपुर।** विकासखंड मुख्यालय अमरपुर से जिला मुख्यालय डिंडौरी को सीधे एवं कम दूरी की सड़क जिसमें खरमेर नदी पड़ती हैं। जो कि अमरपुर क्षेत्र वासियों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई थी। जिस मार्ग में शासन द्वारा एक पुलिया निर्माण की स्वीकृति 2023 में दी गई एवं कार्य पूर्ण करने हेतु समय सीमा निर्धारित करते हुए 05੦10੦2025 तक का समय दिया गया था। परंतु वित्तीय वर्ष समाप्त हो गया और समाचार लिखे जाने 28 मार्च 2026 तक पुलिया निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किया जा सका हैं। शासकीय प्रावधान अनुसार अर्थदंड उपरांत समय सीमा उच्चाधिकारियों द्वारा बढ़ाया जाता हैं। शीघ्र ही ब्रिज का कार्य पूर्ण किया जाएगा। परंतु यह नहीं बताया गया कि एक्सटेंशन कब तक का मिला हुआ हैं। निर्माण कार्य के गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। ब्रिज निर्माण के पूर्व भी इनके द्वारा अवैध रूप से बगैर प्रशासन के अनुमति के ब्लास्टिंग किया गया हैं। जोकि नक्सल प्रभावित क्षेत्र में ऐसे भी प्रतिबंध हैं। इस प्रकार अनेक अनियमित्ताओं के साथ निर्माण कार्य किया जा रहा हैं। जिन्हें शासकीय तौर से तकनीकी मार्गदर्शन का अभाव नजर आ रहा हैं।

**इनका कहना हैं:** ब्रिज निर्माण में ठेकेदार को एक्सटेंशन मिला हैं। परंतु यह जानकारी नहीं हैं कि मार्च या अप्रैल तक का एक्सटेंशन हैं।

**नीलेश सोनी उपयंत्री**

# खबर का असर: नौनिहालों का भोजन अब शौचालय से बाहर, प्रशासन की त्वरित कार्रवाई




हरिभूमि
शौचालय भवन में बन रहा आंगनवाड़ी बच्चों का भोजन, लापरवाही उजागर

**डिंडोरी।** शहपुरा क्षेत्र में शौचालय भवन में बच्चों का भोजन बनाए जाने का मामला सामने आने और समाचार प्रकाशित होने के बाद प्रशासन सक्रिय हो गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम के निर्देश पर संबंधित अधिकारियों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी तथा बीआरसी ने आंगनवाड़ी केंद्र का संयुक्त रूप से जायजा लिया। मौके पर पाई गई स्थिति की पुष्टि करते हुए अधिकारियों ने पंचनामा तैयार किया और तत्काल प्रभाव से भोजन व्यवस्था को शौचालय भवन से हटाकर प्राथमिक स्कूल के बरामदे में स्थानांतरित कर दिया।प्रशासन की इस त्वरित कार्रवाई से अस्वच्छ व्यवस्था पर रोक तो लगी है लेकिन यह प्रश्न अब भी बना हुआ है कि लंबे समय से चली आ रही इस गंभीर लापरवाही पर पहले ध्यान क्यों नहीं दिया गया।

# शहपुरा नगर में पेयजल संकट गहराया, वार्ड 4 में हालात बदतर, नगरवासियों का जीवन प्रभावित

**शहपुरा।** शहपुरा नगर परिषद अपनी बदहाल व्यवस्थाओं को लेकर एक बार फिर सुर्खियों में है। वार्ड क्रमांक 4 के शिव शक्ति चौक मोहल्ले में पानी की गंभीर समस्या ने नगरवासियों का जीना मुश्किल कर दिया है।स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर में पेयजल आपूर्ति पूरी तरह चरमरा गई है और रोजमर्रा के कामों के लिए भी लोगों को पानी के लिए जूझना पड़ रहा है। गर्मी की शुरुआत होते ही यह स्थिति बन गई है जिससे आने वाले दिनों में संकट और भी विकराल होने की आशंका जताई जा रही है।

इस समस्या को लेकर वार्डवासियों ने एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा किया है जिसमें साफ देखा जा सकता है कि लोग पानी की कमी से परेशान हैं और नल.जल योजना पूरी तरह फेल नजर आ रही है।नगरवासियों का आरोप है कि नगर में कई समस्याएं हैं लेकिन जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं। बार.बार शिकायतों के बावजूद न तो कोई स्थायी समाधान किया जा रहा है और न ही हालात सुधारने का प्रयास नजर आ रहा है।

बड़ा सवाल यह है कि अभी से यह स्थिति है तो भीषण गर्मी में नगरवासियों को किन हालातों का सामना करना पड़ेगा। फिलहाल नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं और लोग जल्द समाधान की मांग कर रहे हैं।



# डिंडोरी पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित विद्यार्थियों का हुआ सम्मान




**डिंडोरी ।**

मुड़की मार्ग स्थित डिंडोरी पब्लिक स्कूल में शनिवार को हर्षोल्लास के साथ वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसडीओपी विवेक गौतम डॉक्टर अनुपमा धुर्वे और डॉक्टर समीक्षा सिंह उपस्थित रहे।इस अवसर पर जवाहर नवोदय विद्यालय में चयनित छात्र छात्राओं तथा डिंडोरी जिले की अंडर 13 क्रिकेट टीम में चयनित विद्यालय के उज्वल चक्रवर्ती तन्मय गौर और मृदुल रावत को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य अनुराग द्विवेदी और संचालक श्रीमती निधि द्विवेदी द्वारा नर्सरी से कक्षा नवमी तक प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।परिणाम में कक्षा 9वीं में पूनम गौतम कक्षा 8वीं में कृता चोकसे कक्षा 7वीं में प्रीतराज धुर्वे कक्षा 6वीं में श्वेता पट्टा कक्षा 5वीं में भूमिका मरावी कक्षा 4थी में आयुष्मान साहू कक्षा 3री में अर्थ सिंह कक्षा 2री में पावनी नामदेव कक्षा 1ली में दिशा पटेल केजी 2 में आर्या कांसकार केजी 1 में लव्यांश धुर्वे तथा नर्सरी में प्राची धुर्वे और अरना प्रथम स्थान पर रहे।डीपीएस परिवार की ओर से सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी गईं और उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई।

## खबर संक्षेप

### पत्रकारों द्वारा संगोष्ठी का आयोजन आज

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** हिंदी पत्रकारिता के गौरवशाली 200 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पत्रकार जन संवाद केंद्र द्वारा एक विशेष गरिमामयी संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य विषय हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पुनरावलोकन एवं आत्मअवलोकन रखा गया है, जिसमें पत्रकारिता के इतिहास, मूल्यों और बदलते स्वरूप पर गहन चर्चा की जाएगी। यह आयोजन 29 मार्च 2026, रविवार को सदर मढ़िया के पास स्थित शगुन गार्डन में आयोजित होगा। कार्यक्रम का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री विजय दत्त श्रीधर उपस्थित रहेंगे, जो माधवराव सप्रे स्मृति समाचार पत्र संग्रहालय एवं शोध संस्थान के निदेशक हैं और पत्रकारिता के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित नाम हैं। इस अवसर पर हिंदी पत्रकारिता के पुरोधा गणेश शंकर विद्यार्थी के योगदान को भी स्मरण किया जाएगा। संगोष्ठी में जिले के पत्रकार, बुद्धिजीवी और समाजसेवी बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे तथा हिंदी पत्रकारिता के बीते 200 वर्षों की उपलब्धियों, चुनौतियों और भविष्य की दिशा पर अपने विचार साझा करेंगे। यह आयोजन पत्रकारिता के मूल्यों को समझने और उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

### सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कल

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर व अध्यक्ष जिला सड़क सुरक्षा समिति नरसिंहपुर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सोमवार 30 मार्च को दोपहर एक बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि विगत बैठक का पालन प्रतिवेदन पीपीटी के रूप में तैयार कर प्रस्तुत करें। उन्होंने सभी समिति के सदस्यों से बैठक में निर्धारित समय से 15 मिनिट पूर्व उपस्थिति होने के लिए कहा है।

### फील्ड ट्रेनर्स का 3 दिवसीय प्रशिक्षण 31 से

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना के लिए फील्ड ट्रेनर्स का 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम अब 31 मार्च से 2 अप्रैल तक ई-दक्ष केन्द्र नरसिंहपुर में किया जाएगा। पहले यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 30 मार्च से एक अप्रैल तक रखा गया था, जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है।

### महावीर जयंती पर सूफ़ियाना भजन संध्या

**तेंदूखेड़ा** जियो और जीने दो अहिंसा के पुजारी भगवान महावीर की जयंती अवसर पर सकल दिगम्बर जैन समाज तेंदूखेड़ा द्वारा संस्कारधानी के सुप्रसिद्ध सूफ़ियाना भजन गायक अमित दुबे द्वारा 30 मार्च सोमवार को झंडा चौक परिसर में साढ़े 7 वजे से आयोजन किया जा रहा है।

### नरसिंह शिक्षा संकल्प पुस्तिका का विमोचन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नरसिंह शिक्षा संकल्प हमारे शिक्षक, हमारे प्रेरणा स्त्रोत के प्रथम संस्करण का विमोचन किया। यह पुस्तिका शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में डाइट नरसिंहपुर द्वारा पीपुल संस्था के सहयोग से तैयार की गई है। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने इस पहल को शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में एक सशक्त कदम बताया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश ने कहा कि ऐसे प्रयासों से शिक्षकों के नवाचारों को पहचान मिलती है और अन्य शिक्षकों को भी उत्कृष्ट कार्य करने की प्रेरणा प्राप्त होती है। कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत ने पूरी टीम एवं जिले के समस्त शिक्षकों को इस सराहनीय पहल के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## मजदूरी कर लौट रहे थे मजदूर, हार्वेस्टर जब्त

# हार्वेस्टर से भिड़ी बाइक, दो की मौत

### पीरा तिराहे की पास हुआ सड़क हादसा

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले मे आए दिन हो रहे सड़क हादसे चिंता का सबब बनते जा रहे है। गत दिवस हुई सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई। थाना क्षेत्र करेली अंतर्गत पीरा तिराहे के पास मजदूरी की लौट रहे मजदूरों की बाइक और हार्वेस्टर मे टक्कर हो गई। जिसमें दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हार्वेस्टर को जब्त कर लिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। बताया गया कि मजदूर काम से घर करेली लौट रहे थे तभी हादसे का शिकार हो गए। मौके पर उपस्ति लोगों द्वारा बताया गया कि टक्कर इतनी जोर से हुई कि एक की मौके पर ही मौत हो गई वही दूसरे ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने प्रथम दृष्टया हार्वेस्टर जब्त कर लिया है। वही थाना क्षेत्र सुआतला क्षेत्र में हुई दूसरी घटना में महिला की मौत हो गई। जिले मे आए दिन हो रही सड़क दुर्घटना चिंता का कारण बनती जा रही है।






### मामला इस प्रकार

करेली थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, करेली से अपने घर लौट रहे तीन मजदूरों की बाइक घोघा पीरा तिराहे के पास एक हार्वेस्टर से टकरा गई। हादसा करीब दोपहर 3:30 बजे हुआ। बताया जा रहा है कि तीनों मजदूर मजदूरी कर वापस घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में यह हादसा हो गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एक युवक आनंदी रजक निवासी जनोर की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तुरंत करेली के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां से गंभीर रूप से घायल प्रसन्न नामदेव निवासी जनोर को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतकों के शवों का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम कराया गया, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

### दूसरी सड़क दुर्घटना में महिला की मौत

विगत दिवस दोपहर राष्ट्रीय राजमार्ग-45 पर हुए एक सड़क हादसे में एक बाइक सवार महिला की मौके पर ही मौत हो गई। इस दुर्घटना में महिला का पति सुरक्षित बच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 50 वर्षीय त्रिवेणी बाई अपने पति गया प्रसाद के साथ केरपानी गांव आई हुई थीं। अष्टमी पूजन के बाद वे जबलपुर लौट रहे थे। शुक्रवार दोपहर जब वे गांव से मुख्य राजमार्ग की ओर जा रहे थे, तभी एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में त्रिवेणी बाई गंभीर रूप से घायल हो गईं। इसी दौरान ग्राम सरसला की ओर से गुजर रहे सामाजिक कार्यकर्ता धर्मेश शर्मा ने घायल दंपति को सड़क किनारे देखा। उन्होंने तुरंत अपनी कार से दोनों को स्वास्थ्य केंद्र रोसरा पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद त्रिवेणी बाई को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर सुआतला थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मर्ग पंचनामा तैयार कर शव का परीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

### युवक ने लगाई फांसी, मौत



गत दिवस थाना कोतवाली क्षेत्र के नंदवारा गांव में शुक्रवार रात एक युवक ने आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान नंदवारा निवासी संजय लोधी उर्फ हेमराज लोधी उम्र 22 वर्ष के रूप में हुई है। यह घटना कोतवाली थाना क्षेत्र में हुई। जानकारी के अनुसार, युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दी। घटना का पता चलते ही परिजन उसे तत्काल जिला चिकित्सालय ले गए। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई पूरी कर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है, फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# नरसिंह सिंगिंग स्टार्स ने दी प्रस्तुति



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

सार्वजनिक जवारे समिति सदर मढ़िया के दरबार में रात्रि कालीन आरती के पश्चात होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला की शुरुआत करते हुए आज प्रथम दिवस नरसिंह सिंगिंग स्टार्स नॉन प्रोफेशनल ग्रुप के द्वारा देवी गीतों का कार्यक्रम आयोजित किया गया समिति के अध्यक्ष महंत पीतमपुरी जी एवं नारसिंह सिंगिंग स्टार्स के सदस्य श्री मनीष नेमा एवं इंजीनियर के के सोनी के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर उपेंद्र पाठक जी के मंत्र उच्चारण से कार्यक्रम की शुरुआत की गई समिति के द्वारा सभी सदस्यों का पट्टिका एवं तिलक वंदन कर स्वागत किया गया नरसिंह सिंगिंग स्टार्स के नरसिंहपुर एवं करेली से आए हुए सदस्यों के द्वारा देवी गीतों की शानदार प्रस्तुति दी अमित जैन करेली ने कार्यक्रम का संचालन किया अवनीश गुप्ता, सुभाष, सराठे एकता सोनी, डॉक्टर शोभना पटेल, प्रतिभा विश्वकर्मा ,स्वाति जैन ,भारती विश्वकर्मा नीलेश नायक, डॉ हंसराज सिंह, छाया मुड़िया, नीरज चैरसिया,दीपक मुद्गल, मनीष नेमा, आभा गुप्ता, कमलेश सोनी, माया भारद्वाज ,प्रयांसू सोनी एवं अन्य सदस्यों ने शानदार देवी गीत प्रस्तुत किये इंजीनियर निशा सोनी ने महिषासुर मर्दिनी प्रस्तुत किया गया कार्यक्रम मैं नरसिंह सिंगिंग स्टार के अनेक सदस्य राजेश गुप्ता जी मुकेश गुप्ता मनोज नेमा राकेश सराफ मनीषा नेमा आदि सदस्य उपस्थित थे संयोजक इंजी. के. के. सोनी द्वारा जवारे समिति एवं श्रोताओं का आभार व्यक्त किया गया कार्यक्रम के समापन में समिति द्वारा नरसिंह सिंगिंग स्टार्स को स्मृति चिन्ह भेंट किया



# जल संरक्षण एवं संवर्धन का दिया संदेश, दिलाई शपथ

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नरसिंहपुर के राजीव वार्ड में जल शक्ति से नवभक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत जल मंदिर- प्याऊ की स्थापना कर नागरिकों को जल संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश दिया। साथ ही सभी ने जल एवं पर्यावरण के संरक्षण व उसके संवर्धन की शपथ ली। यह कार्यक्रम वार्ड विकास प्रस्फुटन समिति राजीव वार्ड के तत्वावधान में किया गया। नागरिकों से कहा गया कि जल ही जीवन का आधार है और इसके संरक्षण के बिना भविष्य की कल्पना संभव नहीं है। हम सभी को जल के सदुपयोग करने और जल बचाने के लिए जागरूक रहने की आवश्यकता है। स्थापित किए गए इस प्याऊ से क्षेत्र में आने- जाने वाले लोगों को गर्मी के मौसम में शीतल पेयजल की सुविधा प्राप्त होगी। यह स्थान नगर के व्यस्त क्षेत्र में होने के कारण बड़ी संख्या में लोग इसका लाभ लेंगे।

### शासकीय प्राथमिक विद्यालयों में एफएलएन मेले का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले के एफ एल एन मेला फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमरेसी मेला निपुण भारत मिशन के तहत कक्षा पहली दूसरी के बच्चों में बुनियादी साक्षरता, भाषा ज्ञान, और संख्यात्मकता को मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से मजबूत करना और इसमें अभिभावकों विशेषकर माताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले के शासकीय प्राथमिक विद्यालयों में आयोजित किया गया। जिला परियोजना समन्वयक मनीष चैकसे ने बताया कि मेले में 6 स्टॉल लगाए गए थे। पांच स्टॉल में बच्चे गतिविधियां की गई एवं एक स्टॉल में पंजीयन किया गया। अन्य पांच स्टॉल शारीरिक विकास जिसमें संतुलन बनाकर चलना कूदना और पेपर फोल्डिंग के माध्यम से क्षमताओं का आकलन किया गया द्वितीय स्टॉल बौद्धिक विकास को लेकर था जिसमें मिलान, रंग पहचान, वर्गीकरण और क्रम से लगाना गतिविधियां की गई। तृतीय स्टॉल भाषा विकास को लेकर था। जिसमें चित्र वाचन के आधार पर प्रश्नों के जवाब देना कोई भी पांच चीज पूछी गई थी। कक्षा पहली दूसरी के बच्चों द्वारा माताओं के साथ बुनियादी समझ के आकलन में उत्साहपूर्वक सहभागिता दी गई। माताओं के साथ बच्चों द्वारा समझ की जानकारी को रिपोर्ट कार्ड पर तैयार कर माताओं को वितरित किए गए। विकासखंड करेली अंतर्गत आयोजित मेले का विकासखंड स्रोत समन्वयक प्रमेंद्र सिंह जाट द्वारा अवलोकन कर बच्चों को पुरस्कार वितरित कर माताओं को सहभागिता हेतु धन्यवाद दिया एवं कहा कि बुनियादी शिक्षा विद्यालय के साथ समुदाय की सहभागिता से मजबूत होती है। मेले के आयोजन में माताओं की सहभागिता हेतु विद्यालय स्तर पर बच्चों की माताओं का पंजीयन किया गया था। जिला परियोजना समन्वयक मनीष चैकसे, डाइट प्राचार्य राजीव किशोर श्रीवास्तव, एपीसी समीर त्यागी सहित समस्त विकासखंड स्रोत समन्वयक, बी ए सी, जनशिक्षक, विद्यालय के शिक्षकों द्वारा मेले के अवलोकन के दौरान बच्चों को प्रोत्साहित किया गया।

# चिलचिलाती धूप में रसोई गैस सिलेंडर को लेकर जद्दोजहद*





**तेंदूखेड़ा**

भले ही शासन प्रशासन रसोई गैस को लेकर किल्लत नहीं का भरोसा दिला रहा है। लेकिन असली हकीकत तो कस्बाई क्षेत्रों में देखने को मिल रही है।पहले 25 दिन और अब 45 दिन में एक बार रिफिलिंग को लेकर उपभोक्ता सिलेंडर भरवाने को गैस केंद्रों पर लंबी-लंबी कतारें देखने को मिल रही है। शनिवार को आर्शीवाद भारत गैस केंद्र पर सिलेंडर भरवाने को लेकर चिलचिलाती धूप में उपभोक्ता बड़ी संख्या में देखे गए। उपभोक्ता अपने अपने सिलेंडर बड़ी संख्या में अपने बाहनों से लेकर पहुंचे।

# जवारे विर्सजन का क्रम जारी



**तेंदूखेड़ा**

नौ दिनों तक चले शक्ति की भक्ति साधना का महापर्व चैत्रीय नवरात्रि पर्व के दौरान श्रद्धालुओं ने अपनी अपनी शक्ति सामर्थ्य के अनुसार माता रानी की साधना की। कोई नंगे पैर तो कोई मौन व्रत धारण भक्ति में लीन बना रहा। वहीं जगह जगह जवारे कलश की स्थापना की गई थी।सुबह से लेकर देर रात्रि तक भगतों देवी जसों का क्रम बना रहा।अब नौ दिन के बाद विसर्जन का क्रम भक्ति भाव के साथ विशाल शोभायात्रा के माध्यम से किया जा रहा है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु झूमते नाचते हुए शोभायात्रा में शामिल हो रहे हैं।

समीपी ग्राम इमझिरा में कंकाली मठ में रखे 54 घट कलशों का भक्ति भाव के साथ विसर्जन किया गया। मंदिर परिसर से विशाल शोभायात्रा खेरापति मंदिर से सीधी बरांझ नदी में जाकर विसर्जन किया गया।

### 301घट कलशों की निकली शोभायात्रा*

समीपी ग्राम डोभी में नौ रात्रि पर्व के दौरान विराजित किये गये 301 जबारों का भक्ति भाव के साथ विसर्जन किया गया। मुख्य शोभायात्रा बाजार मुहल्ला बस स्टैंड से होते हुए खेरापति मंदिर से पूजन अर्चन के उपरांत विधिवत विसर्जन किया गया।जवारे विसर्जन के उपरांत अब संपूर्ण क्षेत्र में कन्या भोज पूजन का क्रम भी जारी बना हुआ है।

